तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 11 जुलाई 2024

4 रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य का डीसीएम ने किया निरीक्षण, गति बढ़ाने के निर्देश





## खबर संक्षेप



### जगन्नाथ रथोत्सव में सांसद राठिया शामिल

**तमनार।** देशभर में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा धूमधाम से मनाई जा रही है। रायगढ़ जिले के घराघोडा जनपद के कुरकुट नदी के गोद मे बसे आदिवासी बाहुल्य ग्राम छर्राटांगर में सांसद राठिया ने परिवार के साथ भगवान जगन्नाथ, बलराम, सुभद्रा माई की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों रथ गाड़ी में विराजते ही सैकडो श्रद्धालुओं की दर्शन करने तांता लग रहा। छर्राटाँगर इनामी रथ नृत्य में नृत्यक दल छर्राटांगर, मौहापाली, कठरापाली औराईमुडा, आमापाली के हजारो के संख्या में कलाकारों ने मांदर झांझ की थाम में मनमोहक प्रस्तुति से गदगद हुए। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि रथयात्रा बरसो से ऐतिहासिक मनाते आ रहे है। इनामी रथ नृत्यक दलों को नगद राशि देकर सम्मानित किया जाता है।

### शिक्षकों की उपस्थिति की निगरानी के निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूलों में शिक्षकों की डेली अटेंडेंस और समय में उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है या देर से आते है उन पर नियमानुसार कार्यवाही करें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी स्कूलों में हर माह यूनिट टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेस्ट रिजल्ट का एनालिसिस करें, जिससे बच्चों के रिजल्ट को सुधारने के लिए आगे की रणनीति तैयार की जा सके। इसके साथ ही पूर्व में दिए निर्देशों के अनुसार स्कूलों में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता कराने के लिए भी निर्देशित किया।

### चक्रधर समारोह के लिए डिजाइन समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह के सफल आयोजन के लिए ब्रोशन, निमंत्रण पत्र, पोस्टर, बैनर एवं स्मृति चिन्ह के चयन एवं डिजाइन कार्य आर्ट एवं डिजाइन समिति का गठन किया है। गठित समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सौरभ कुमार, सीएससी मैनेजर रवि सिंह, प्रो. अम्बिका वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, नटवर सिंघानिया एवं कमल किशोर शर्मा को सदस्य बनाये गये है।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा मोबाइल नंबर 77468.59383 को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक शिक्षा मिशन भुवेनश्वर पटेल मोबाइल नंबर 70000.81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### गलघोटू व एकटंगिया रोग का टीकाकरण 31 तक

**जशपुरनगर।** गलघोटू व एकटंगिया रोग प्रतिबंधात्मक सघन टीकाकरण अभियान जिले में 31 जुलाई तक किया जाएगा। जिले के 8 विकासखण्डों में पशुधन विकास विभाग के समस्त संस्था क्षेत्र के ग्रामों में टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। जिले को 3 लाख 50 हजार पशुओं को टीकाकरण लक्ष्य प्राप्त है, जिसके अंतर्गत गौवंशीय एवं भैसवंशीय पशुओं का गलघोंटू रोक का निराकरण होगा।

---

## नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय से जारी हुए निर्देश

# 1200 वर्गमीटर से छोटी भूमि का बिना ले-आउट पास कराए भूखंड का विभाजन अवैध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

1200 वर्गमीटर से छोटी भूमियों का अब बिना ले आउट पास कराए छोटे भूखंडों में विभाजन अवैध होगा। राज्य शासन की ओर से संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी एसडीएम को पत्र जारी कर उक्त दिशा.निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय से कृषि भूमि का और गैर कृषि भिन्न प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन तथा पुनः निर्धारण प्रकरणों के संबंध में जारी निर्देश में उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ भू.राजस्व संहिता संशोधन अधिनियम, 2012 की धारा 172 में हुए संशोधनों के अनुक्रम में कृषि भूमि के डायवर्सन एवं पुनर्निधारण के प्रकरणों के



निराकरण किए जाने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए थे, कतिपय नगरीय निकायों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में प्रायः यह देखा जा रहा है कि ऐसे भूमि स्वामी जो 1200 वर्गमीटर से कम रकबा धारित करते है, उनके द्वारा राजस्व विभाग से भू.व्यपवर्तन कराया जाकर अपनी स्वामित्व की व्यपवर्तित भूमि को छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर अन्य व्यक्तियों को विक्रय किया जा रहा है, जिससे उन क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा मिल रहा है, जो कि सुनियोजित नगरीय विकास में एक बहुत बड़ी बाधा है। अतः ऐसी स्थिति के निराकरण हेतु भू.व्यपवर्तन के ऐसे प्रकरण जिनमें आवेदित भूमि का कुल रकबा 1200 वर्गमीटर से कम है पर छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अनुसार विकास की परिभाषा में कृषि को भूखण्ड किया जाना शामिल है। अतरू बिना लेआउट पास कराये भूखण्ड का विभाजन अवैध होगा। शर्त अधिरोपित करते हुए 1200 वर्गमीटर से छोटी भूमियों का भू व्यपवर्तन एवं पुनर्निधारण करने की कार्यवाही किए जाने संबंधी दिशा.निर्देश संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी किए गए है।

---



## प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करने के 10 प्रकरण, 8 हजार का वसूला जुर्माना

**रायगढ़।** नगर निगम की टीम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं गंदगी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान 10 प्रकरण में 8000 रुपए जुर्माना किए गए। मंगलवार को निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं गंदगी पर जांच की गई। इस दौरान मुख्य मार्ग नगर निगम कार्यालय से लेकर हांडी चौक जांच की गई। जांच के दौरान 06 प्रकरण सिंगल यूज प्लास्टिक के एवं 4 प्रकरण गंदगी फैलाने वालों पर की गई। कुल 10 प्रकरण पर 8 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। इसमें अरविंद द्वेदी 2 प्रकरण प्लास्टिक 3000 रुपए, कमलेश मिश्रा 3 प्रकरण गंदगी 2000 रुपए, राम नरायण तिवारी 1 प्रकरण गंदगी 3 प्रकरण प्लास्टिक 2000 रुपए, कविता बेहरा 1 प्रकरण प्लास्टिक 1000 रुपए, कुल 6 प्रकरण प्लास्टिक 5500, 4 प्रकरण गंदगी 2500, कुल 10 प्रकरण 8000 रुपए जुर्माना किया गया।

---

# निजी वाहनों के लिए 20, भारी वाहनों के लिए 60 रुपए पथकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला रायगढ़ अंतर्गत सूरजगढ़ नदीगांव मार्ग के किमी 1/2 महानदी पुल पर पथकर वसूली हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित दर पर ही टेक्स जमा कर भुगतान की रसीद प्राप्त करें। पथकर वसूली का दर

- **सूरजगढ़ पुल के लिए पीडब्लूडी ने निर्धारित किया शुल्क**

स्थल पर बोर्ड में भी चस्पा किया गया है।

लोक निर्माण विभाग उप संभाग रायगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी एमएस नायक ने बताया कि वाहन मालिकों एवं वाहन चालकों से दूरभाष पर शिकायत मिल रही थी कि अनुबंधक द्वारा पथकर वसूली की दर से अधिक राशि की मांग की जा रही है। उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए 24 मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए अनुबंधक मां शारदा क्रसर उद्योग माईंस प्रो. विमला सिंह ठाकुर नर्मदा नगर बिलासपुर को अनुबंधित किया गया है। उक्त पुल पर टॉल टेक्स वसूली हेतु शासन द्वारा दर निर्धारित किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित दर पर टेक्स जमा करें।



### वाहनों के लिए निर्धारित दर

प्राईवेट कार, जीप एवं पिकअप के लिए प्रति वाहन 20 रुपए निर्धारित है। इसी प्रकार टेम्पो, टेक्सी, मिनी बस, मेटाडोर भरा खाली या उसके समकक्ष वाहन के लिए प्रति वाहन 40 रुपये, खाली ट्रक, बस भरी खाली प्रति वाहन 60 रुपये, मल्टी एक्सल ट्रक एवं टेलर प्रति वाहन 100 रुपये तथा अर्थ मूव्हींग मशीन रोज प्रति टन 12 रुपये प्रति वाहन निर्धारित किया गया है।

---

**लंबित मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

10 सूत्रीय मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने बुधवार को कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान लगभग सभी विभाग के तृतीय वर्ग कर्मचारी उपस्थित रहे।

कर्मचारियों ने बताया कि केन्द्र के कर्मचारियों एवं पेंशनरो को वर्तमान में 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जबकि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरो को 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है फलस्वरूप केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनोंक से मंहगाई भत्ता में 4 प्रतिशत की वद्धि, केन्द्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी करने, पिंगुवा समिति का गठन शिक्षक लिपिक स्वास्थ्य एवं अन्य





संवर्गों के कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने, तथा इन सभी संवर्गों के वेतन विसंति सुधार हेतु शीघ्र सार्थक कार्यवाही करने, लिपिकों के अनुकम्पा नियुक्ति में दिये गए शर्तों के पालन हेतु दक्षता परीक्षा 6 माह में आयोजित किये जाने संबंधी आदेश जारी करने, प्रदेश के सभी संवर्गों के कर्मचारियों का लम्बित पदोन्नति प्रक्रिया हेतु पुनश्च निर्देश जारी करने, प्रदेश के सभी संवर्गों के अधिकारी ६ कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश शीघ्र जारी करने, कर्मचारी समस्याओ के निराकरण हेतु आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठक निर्धारित समयावधि में किये जाने हेतु निर्देश पुनश्च जारी करने, संघो को अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति स्थाई मान्यता जारी करने तथा जिलाध्यक्ष कार्यालय के समक्ष पूर्व धरना स्थल को यथावत रखा जाने संबंधी मांग की है।

---

## 8 जुआरियों से 12 हजार रूपए जब्त छापेमार कार्रवाई में आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** सीएसपी आकाश शुक्ला के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर जूटमिल, कोतवाली व कोतरा रोड पुलिस की टीम ने जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 11 हजार 800 रूपए बरामद करते हुए जब्त किए गए है। बता दें कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी इससे पहले भी कई बार जुआ एक्ट के तहत की गई कार्रवाईयों में गिरफ्तार हो चुके हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज एवं थाना कोतवाली, जूटमिल, कोतरारोड की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर गढ़उमरिया पुराना सीमेंट फैक्ट्री के पास जुआ की सूचना पर घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की गई। जहां पुलिस ने 08 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा, जिनके फड से कुल 11 हजार 800 तथा 52 पत्ती ताश की गड्डी सहित अन्य सामान बरामद कर जब्त किया गया। थाना जूटमिल में जुआरियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्यवाही की गई। साथ ही आरोपियों के कृत्य पर पृथक से धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है । गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हिमांशु साव पिता सुरेन्द्र साव उम्र 24 साल निवासी मल्दा थाना पुसौर, दीपक कुमार सोनी पिता कमल किशोर सोनी उम्र 36 वर्ष निवासी धांगरडीपा, कमल प्रसाद पिता सहमतराम सिदार उम्र 25 वर्ष निवासी किरोडीमल नगर थाना कोतरारोड, कृष्णा मिश्रा पिता सुखदेव मिश्रा उम्र 29 वर्ष निवासी विजयपुर, अनिल कुमार सोनी पिता रघुनाथ सोनी उम्र 48 वर्ष निवासी बैकुण्ठपुर, मोहम्मद अंसारी पिता मोहम्मद मुखतार उम्र 51 वर्ष निवासी दुर्गापारा, अनिल देवांगन पिता तीजराम देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी चकघरनगर, मोहम्मद शहजादा पिता मोहम्मद खादीर उम्र 34 वर्ष निवासी बाघतालाब शामिल हैं।

---

# 4 साल पहले बने राजमार्ग की दुर्दशा दरारें और गड्ढे बने दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चार साल पहले ही चौंका देने वाली लागत से बने राष्ट्रीय राजमार्ग में खतरनाक दरारें और गड्ढे हो गए हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गए हैं। दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या और जनता की शिकायतों के बावजूद, लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी मरम्मत कार्य शुरू करने में विफल रहा है, जिससे राजमार्ग की हालत खस्ता होती जा रही है।

प्रमुख शहरों को जोड़ने वाले राजमार्ग पर गहरे गड्ढे और दरारें होने के कारण वाहन बेकाबू हो जाते हैं और नियंत्रण खो देते हैं। रात के समय स्थिति विशेष रूप से खतरनाक होती है, अपर्याप्त रोशनी और उचित संकेत की कमी के कारण खतरा और बढ़ जाता है। यात्री राजमार्ग की उपेक्षा से नाराज हैं और अधिकारियों से तत्काल ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। एक निराश यात्री ने कहा हम कर और टोल चुकाते हैं, लेकिन सरकार हमें बुनियादी ढांचा मुहैया कराने में विफल रहती है। यह एक आपदा है जो होने वाली है। स्थिति के प्रति पीडब्ल्यूडी की उदासीनता ने निर्माण की गुणवत्ता और विभाग की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जैसे जैसे राजमार्ग की हालत खराब होती जा रही है, लोगों को आश्चर्य हो रहा है कि क्या कोई इस गड़बड़ी की जिम्मेदारी लेगा।

**आँखें मूंदे बैठा पीडब्ल्यूडी**



---

# रामलला के दर्शन करने 103 श्रद्धालु अयोध्या रवाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से रवाना होने वाले दूसरे जत्था 10 जुलाई को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ।

इस बार जिले से 100 दर्शनार्थी और 3 सहयोगियों सहित कुल 103 लोगों का दल अयोध्या दर्शन के लिए जा रहा। 103 लोगों में से 76 यात्री ग्रामीण क्षेत्रों से है वहीं 27 यात्री शहरी क्षेत्रों के हैं। प्रशासन की ओर से 2 सहयोगी यात्रियों के सहयोग और यात्रा के दौरान समन्वय बनाने के लिए साथ जायेंगे। वहीं 1 चिकित्सीय स्टाफ भी साथ रहेगा। दर्शन के पश्चात 13 जुलाई को दर्शनार्थियों का यह जत्था वापस लौटेगा।

### सारंगढ़ जिले के 30 श्रद्धालु गए

**सारंगढ़।** रामलला दर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने जिले के 30 तीर्थयात्रियों से भरे बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम का दर्शन यात्रियों को निशुल्क करा रहा है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक विनय तिवारी के नेतृत्व में विभाग के एक केयरटेकर के साथ सभी तीर्थ यात्रियों को कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ से रेलवे स्टेशन बिलासपुर के लिए रवाना किया गया। ये सभी तीर्थयात्री ट्रेन द्वारा बिलासपुर से अयोध्या धाम जाएंगे। जिले के तीर्थयात्रियो ने यात्रा के पूर्व सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम का भजन गायन किया। श्री रामलला दर्शन योजना में सीएम विष्णु देव साय ने यात्रियों के घर से अयोध्या धाम तक आने जाने, भोजन, इलाज और ठहरने की सारी व्यवस्था निशुल्क की है। इसमें 18 से 75 वर्ष के कोई भी नागरिक जा सकते हैं।





---

**एनएचएम के संविदाकर्मी 19 से करेंगे अनिश्चित कालीन हड़ताल**

# मांगा था नियमितीकरण, बढ़ाया 27 फीसदी वेतन, मगर इससे भी वंचित

**रायगढ़।** संविदा कर्मचारियों ने पूर्व कांग्रेस की सरकार से नियमितीकरण की मांग की थी, किंतु उन्हें नियमितीकरण का लाभ नहीं देते हुए 27 फीसदी वेतन बढ़ोत्तरी की घोषणा की गई। मगर इसका भी लाभ अब तक संविदा कर्मचारियों को नहीं मिल सका। ऐसे में आगामी 19 तारीख से एनएचएम के संविदा कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन किए जाने की बात कही जा रही है। इसी बाबत संविदाकर्मियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम पर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

कलेक्टोरेट पहुंचे एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि वे 27 फीसदी वेतन वृद्धि व नियमितीकरण सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर वे लगातार प्रदर्शन करते हुई कई बार शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। एनएचएम में संविदा कर्मचारियों का कहना है कि सरकार हर बार आश्वासन देती है, लेकिन इस आश्वासन को जमीनी स्तर पर लागू नहीं करती। ऐसे में उनका मनोबल गिरता है। कर्मचारियों की मानें तो अन्य राज्यों में पिछली सरकार ने 19 जुलाई 2023 को विधानसभा में घोषणा करते हुए संविदा कर्मचारियों के वेतन में 27 फीसदी की बढ़ोत्तरी करने का ऐलान किया था ।



### छह माह में 24 बार दिया ज्ञापन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने 25 जनवरी 2024 से लेकर अब तक करीब 24 बार अपनी मांगों से ज्ञापन के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित किया है। किंतु इसके बाद भी शासन ने अब तक इनकी मांगों को अनसुनी ही किया है। जिसकी वजह से अब पटवारी संघ, नायब तहसीलदार और तहसीलदारों के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदाकर्मी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल की राह पकड़ सकते हैं।

**इन मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन** - सविंदा कर्मचारियों ने बताया कि वे नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, 27 फीसदी वेतनवृद्धि, वेतन संगतियों को दूर करना, सेवा पुस्तिका संधारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में सुधार व पारदर्शिता, वेतन पुनरीक्षण, तबादला व्यवस्था में अनियमितता को दूर करना, चिकित्सा परिचर्या, अवकाश नियम में बदलाव आदि शामिल है।

---

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की शिविर के प्रबंधन की समीक्षा

# आज से शुरू होंगे जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 11 जुलाई से जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होने जा रहे हैं। इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसमें सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता होगी। सभी विभाग प्रमुख इसके लिए अपनी तैयारी पूरी कर लें। लोगों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही उन्हें शासन की जन हितैषी योजनाओं से जोडऩे के लिए सर्वे करने का काम पूरा कर लिया जाए। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री गोयल ने लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के लिए प्राप्त आवेदन व उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों को निर्धारित किए गए समय सीमा के अंदर आवेदन को सेवा का लाभ पहुंचाना है। अतरू सभी अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालय में इसकी समीक्षा करें। समय सीमा के बाहर आवेदन पेडिंग नहीं रहने चाहिए। उन्होंने ई डिस्ट्रिक्ट में प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार हर हफ्ते दर्ज होने वाले प्रकरणों को मॉनिटर करें, जिससे उसके लिए निर्धारित समय के अंदर वह प्रकरण निराकृत किया जा सके। यह राजस्व अधिकारियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है। इसी प्रकार सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण व समाधान कारक निराकरण होना चाहिए।



### समस्या निराकरण के निर्देश

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम व नगरीय निकाय के सीएमओ को अपने शहर का निरीक्षण कर वहां नालियों व चौक.चौराहों की सफाई व शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा। शहरी आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। केसीसी प्रकरणों की साप्ताहिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्य व उद्यानिकी के केसीसी प्रकरणों को भी जल्द निराकृत किया जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने शासन से जारी पत्र के अनुसार विभागों द्वारा निलंबित विभागीय जांच व लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों और उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग के काम की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीडीएस बारदाना जमा करने के काम में तेजी लाने के लिए कहा। पर्यावरण व परिवहन विभाग को वाहनों की नियमित जांच व बिना तारपोलिन ढंके चल रहे गाडियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

---

# पत्नी ने की मायके जाने की जिद तो पति ने पीटकर ली जान

**रायगढ़।** बीते 8 जुलाई को थाना चक्रधरनगर में टीवी टावर पेट्रोल पंप के पास रहने वाले प्रेम कुमार राठिया 28 साल द्वारा उसके साथ रिलेशनशीप में रह रही महिला केवरा सारथी ऊर्फ संध्या उम्र 40 वर्ष की आकस्मिक मौत के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। प्रेम राठिया ने बताया कि केवरा बाई का पति छोड़ देने से करीब 5 साल से दोनों पति पत्नी की तरह रहते हैं । 07 जुलाई के शाम दोनों घर में खाना पीना किये और सो गये, सुबह केवरा बाई नहीं उठी। प्रेम राठिया ने केवरा बाई कि मौत शराब पीने से होना बताया। थाना चक्रधरनगर में आकस्मिक मौत की सूचना दर्ज पर मर्ग कायम कर मृतिका नव विवाहित होने से चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मर्ग जांचए पंचनामा कार्यवाही कर गवाहों के कथन लिए गए तथा पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिरए पेट में अंदरूनी चोट आने से अत्यधिक खून निकलना और मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होना लेख किया गया। तत्काल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा प्रथम संदेही प्रेम कुमार राठिया को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें उसने बताया कि 7 जुलाई के शाम दोनों पति पत्नी खाना पीना साथ में किये रात्रि करीब 11 बजे केवरा सारथी उर्फ संध्या काफी दिन से मायके नहीं गई हूं कहकर रात में ही उसके मायके ग्राम केनसरा, पुसौर जाने की जिद कर रही थी।



## खबर संक्षेप

### गृहमंत्री से मिले सोनार उत्थान समाज के पदाधिकारी



**अम्बिकापुर।** सोनार उत्थान समाज के संभाग प्रभारी परशुराम सोनी एवं डॉ.सुनील सोनी ने गृहमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर सुजीत स्वर्णकार की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने सरगुजा संभाग में हो रही चोरी की घटनाओं से गृहमंत्री को अवगत करा प्रतापपुर में हुई चोरी के 6 प्रकरणों में आरोपियों को पकड़ने की मांग की। श्री सोनी ने बताया कि गृहमंत्री ने तुरंत फोन से आईजी को अपराधियों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। गृहमंत्री ने सुजीत हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने एवं चोरी की घटनाओं में अपराधियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिए है।

### पुरस्कार वितरण समारोह में मेघावी बच्चों को दिया गया प्रमाण-पत्र



**अम्बिकापुर।** गायत्री शक्तिपीठ के सभाकक्ष में रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों व सहयोग करने वाले शिक्षकों को प्रमाण-पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रांतीय संयोजक रामपाल तिवारी, केके पाठक, डॉ.अंजन सिंह व मंगल पाण्डेय ने भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं गुणात्मक शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी सिंह, सरस्वती तिवारी, शशि सिंह, दिवाकर मिश्रा, अजय गुप्ता, राकेश सिंह, अरविन्द गोयल आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत खोरमा एवं करंजवार में किया पौधरोपण



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत खोरमा,करंजवार सहित बनारस मुख्य मार्ग किनारे आज कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर 140 पौधे लगाए गए, जिसमें फलदार वृक्ष आम, इमली, पीपल, बरगद, सरई, सागौन सहित अन्य पौधे लगाए गए। साथ ही लगाए गए पौधों को बचाने का संकल्प लिया। कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि पौधे को सिर्फ लगाना ही नहीं बल्कि इसी सुरक्षा कर आने वाली पीढ़ी के लिए बचाकर रखना है। इस दौरान सरपंच जालिम सिंह, करंजवार सरपंच विक्रम सिंह, उप सरपंच रामवृक्ष पैंकरा, सचिव हरि कुशवाहा, सोबरन सिंह, राजाराम, प्रमोद, टिंकू, मंटु, राका, सुरज, हरेन्द्र भारती, गोविंद राम, कृष्णा कुशवाहा, सुरेश राम, ठाकुर प्रसाद, देवकुमार, राकेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### धान बीज दुकान में सेंधमारी कर 40 हजार नगदी समेत तीन बोरी धान बीज ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा में बीती रात अज्ञात चोरों ने शिवमंगल रजवार के धान बीज दुकान में सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया,यहाँ काउंटर में रखे दिनभर के धान बीज बिक्री की रकम चालीस हजार नगदी व तीन बोरी धान बीज को भी चोरी कर भाग निकले, उक्त घटना से दुकान संचालक को सत्तर हजार रुपए की क्षति पहुँची है,मंगलवार की प्रातःजब संचालक दुकान खोलने पहुंचा तब उसे वारदात की जानकारी लगी जिसके बाद उसने करंजी पुलिस चौकी पहुंचक्रर मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजली दरो में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया धरना- प्रदर्शन

**रामानुजगंज।** बिजली दरों में बढ़ोत्तरी एवं बिजली कटौती को लेकर आज कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भारत माता चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया। साथ ही बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट जलाने एवं सहकारी समितियों में धान का गबन व लॉ एंड ऑर्डर की विफलता सहित अन्य मुद्दों पर वक्ताओं द्वारा भाजपा सरकार को जमकर घेरा और विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में भारतीय जनता पार्टी सरकार के गलत नीतियों के कारण आम लोगों व किसानों को परेशानी हो रही है। खाद्य बीज समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खेती किसानी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली अघोषित कटौती जगजाहिर है। लगातार हो रही अघोषित कटौती से लोग काफी परेशान है। विद्युत की कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है और न ही विद्युत आपूर्ति किसी भी दिन नियमित निरंतर की जा रही है। छत्तीसगढ़ में विद्युत दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी से भी सभी वर्गों पर भारी बोझ उठाना पड़ रहा है। बिजली की बड़ी हुई दरो से हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान अशोक जायसवाल, अजय सोनी, प्रेमसागर सिंह, नरेश रवि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बरसात में अधिकांश दिन बच्चे नहीं पहुंच पाते स्कूल

# बगबुड़वा नाला पर नहीं बना पुल, बरसात में बच्चे उफनता नाला पार कर पहुंचते हैं स्कूल



नाला पार कर स्कूल जाते गांव के बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**

■ छुट्टी होने पर घर लौटने के दौरान होती है देर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत महुली स्थित आमालोढ़ा नाला पर पुल नहीं बनने के कारण बरसात में बच्चों को खतरे के बीच उफनते नाले को पैदल पार कर स्कूल जाना पड़ता है। भारी वर्षा होने की स्थिति में कई बार बच्चों को घंटों पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है।

दूरस्थ ग्राम पंचायत महुली में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से पिछले तीन दशकों से प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है। शाला में ग्राम कुदरीपारा, हरधोवा पारा एवं पहाड़पारा के बच्चे पढ़ने जाते हैं। स्कूल के रास्ते में विशाल पहाड़ी नाला है। गड़वतिया पहाड़ी से निकला बगबुड़वा नाला एवं आमालोढ़ा नाला गांव के किनारे पहुंचकर मिल जाते है। दोनों नाले मिलकर विकराल रूप धारण कर लेते हैं। पूरे बरसात बगबुड़वा नाला लबालब रहता है जिसके कारण ग्रामीणों को पैदल नाला पार कर आना-जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। सामान्य दिनों में तो कम पानी रहने पर बच्चें आसानी से नाला पार कर स्कुल पहुंच जाते हैं लेकिन बरसात के दिनों में बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बच्चे अपने कपड़े उतारकर भारी खतरे के बीच पैदल नाला पार कर स्कूल पहुंचते हैं। कई बार तेज वर्षा होने पर नाले में उफान आ जाता है। ऐसे में बच्चे घंटों पानी उतरने का इंतजार करते हैं। एक-दो घंटे में नाला का पानी कम होने पर विलम्ब से स्कूल पहुंचते हैं वहीं कई बार वापस धर लौट जाते हैं। स्कूल की छुट्टी के दौरान नाले में उफान आने पर बच्चों को घर लौटने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार नाले का बहाव तेज होने के कारण बच्चे देर रात घर पहुंचते हैं। बरसात के मौसम में खतरा होने के डर से अक्सर अभिभावक बच्चों को नाला पार कराते हैं। नाले में बाढ़ आने की स्थिति में अभिभावकों के पहुंचने के बाद ही बच्चे नाला पार कर घर पहुंचते हैं। स्कूल से पढ़कर गांव की दो पीढ़िया निकल गई है। पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण दशकों से आवागमन की सुविधा के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से नाला पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण वर्षों से समस्या निवारण शिविरों में भी आवेदन दे रहे हैं लेकिन अभी तक पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

इस संबंध में सरपंच श्रीमती सुमित्रा खैरवार ने बताया कि महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंप स्थिति से अवगत कराया गया है। उन्होंने शीघ्र पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।

**गांव की गलियों में कीचड़**

जिला मुख्यालय सूरजपुर से ग्राम पंचायत महुली की दूरी 110 किमी है। गांव के किनारे से ही बिहारपुर-उमझर सड़क गुजरती है। गांव तक पक्की सड़क होने के कारण ग्रामीणों को ब्लाक एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचने में असुविधा नहीं होती। लेकिन गांव की गलियों से गुजरने में भारी परेशानी होती है। गांव की गलियों में 15 वर्ष पूर्व सीसी रोड का निर्माण किया गया था जो अब जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो गया पर गड्ढों में ग्रामीणों ने मिट्टी भर दिया है। बारिश होते ही गांव की गलियां कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।





कबाड़ी के यहां से खम्बों को जब्त करते एसईसीएल सुरक्षाकर्मी।

## वर्कशॉप से लोहे के खम्बों को कबाड़ चोरों ने किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ एसईसीएल को लाखों की क्षति
■ कम्पनी सुरक्षा दल ने चार कबाड़ चोरों को किया पुलिस के हवाले

एसईसीएल बिश्रामपुर के खदान क्षेत्रों में कोयला कबाड़ चोर अभी भी सक्रिय हैं,कबाड़ियों के आतंक से कम्पनी प्रबंधन को हर दिन कई लाख रुपए की भारी क्षति झेलनी पड़ रही है। सोमवार के दिन को भी दिनदहाड़े कबाड़ चोरों ने बिश्रामपुर सब स्टेशन से एक्सवेशन वर्क शॉप स्थित डीजल डिपो को विद्युत सप्लाई करने के लिए बिछाए गए तीन नग लोहे के खंभे को कटर मशीन से काट पार कर दिया, साथ ही वहां पड़े लोहे के दर्जनों पाइप अपने साथ ले गए। विद्युत सप्लाई के लिए लगाए गए खंभों को काट पार कर देने से सोमवार को दिन भर प्रबंधन के डीजल सप्लाई का कार्य बाधित रहा।देर शाम को प्रबंधन ने काटे गए पोल के जगह दूसरा पोल लगवाकर विद्युत सप्लाई शुरू कराई जिसके बाद यहां व्यवस्था सामान्य हो पाई है, घटना के बाद एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 पौवापारा झुग्गी में रहने वाले चर्चित कबाड़ी के निवास दबिश दिया तथा खदान क्षेत्र से चुराए गए लोहे के भारी पोल सहित खदान क्षेत्रों में भूमिगत खदानों के पानी को सर्फेस में निकालने के लिए बिछाए गए हैवी पाइप को भी मौक़े से जप्त किया है। इस दौरान टीम ने चार कबाड़ चोरों को भी पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंपा है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।बताया जाता है कि चोरी की इस घटना से प्रबंधन को लाखों रुपए की क्षति पहुंची है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर है कि हथियारबंद जवानों की छापेमारी के दौरान पौवापारा मोहल्ले का चर्चित कबाड़ी अंधेरे का फायदा उठा भाग निकला।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली, नगरों की स्वच्छता, आवारा पशुओं का नियंत्रण आदि विषयों के साथ राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय के लिए राजस्व वसूली प्राथमिकता वाला कार्य है। इन क्षेत्रों के विकास के लिए नगरीय निकाय द्वारा लिया जाने वाला संपत्ति व समेकित कर, जल कर, दुकानों का किराया तथा यूजर चार्ज इत्यादि सभी की वसूली नियमित करने की बात कही। उन्होंने समस्या आने पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। सड़कों पर आवारा या घुमन्तु पशुओं का प्रबंधन एवं उनसे होने वाले गंभीर हादसों को रोकने के लिए सभी उपाय करने का कहा। इसके अलावा बरसात के समय नगरीय क्षेत्रों में कई जगह हो रहे जल भराव एवं गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। बरसात के दिनों में जिले के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके, इसके लिए जल क्लोरीनीकरण व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में गंदा पानी पीने से डायरिया की संभावना ज्यादा रहती है इसलिए सभी अधिकारी नियमित रूप से पानी के सैंपल की जांच कराएं एवं आवश्यकतानुसार सही तरीके से वाटर ट्रीटमेंट हो रहा है या नहीं इसका नियमित निरीक्षण करें।

कलेक्टर ने कहा कि कई स्थानों पर दुकानों के बाहर लोग सड़कों तक अपना सामान फैला देते हैं, जिससे न केवल पार्किंग की समस्या होती है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। उन्होंने मार्गो में बाधा पहुंचाने वाले लोगों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण करने वाले लोंगों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 116 गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी

**सूरजपुर।** जिले के भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर. रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा सफलतापूर्वक संचालन की जा रही है। इसी तारतम्य में आज सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 116 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने में कारगर साबित हो रही है ताकि संबंधित मरीजों को समय पर उपचार प्रदान की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होने से दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बड़ी राहत मिली है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में 30, ओड़गी में 38, प्रतापपुर में 29 एवं रामानुजनगर में 19 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। दूरस्थ अंचलों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है। सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा का प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र में होती है जहां गर्भवती माताएं इस सुविधा का लाभ ले सकते है।



## जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक में डिलिस्टिंग रैली पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जनजाति सुरक्षा मंच की जिला स्तरीय बैठक संयोजक कालू सिंह मुजाल्दा की उपस्थिति में हुई। उन्होंने कहा कि हमारी मांग अनुच्छेद 342 में संशोधन कर जनजाति समाज की रीति-रिवाज, परंपरा, रूढ़ी को छोड़ चुके धर्मांतरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करने एवं जनजाति समाज को शत-प्रतिशत आरक्षण व सरकारी सुविधाएं प्रदान करने की है। इसके लिए पूरे देश में डिलिस्टिंग आंदोलन किया जा रहा है। जिला एवं प्रदेश की महारैलियां हो चुकी हैं। अब दिल्ली में दस लाख से अधिक जनजातियों द्वारा महारैली कर सरकार से अनुच्छेद 342 में संशोधन करने की मांग की जाएगी।

प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच ने पूरे देश के जनजातियों को इसके लिए एकजुट कर दिया है और सभी समाज मिलकर डिलिस्टिंग की आवाज उठा रहे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग को आरक्षण उसकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं के लिए दिया जाता है लेकिन इन विशेषताओं को छोड़ने वाले इसका सबसे ज्यादा लाभ उठा रहे है जिससे इस समाज के साथ बहुत बड़ा संवैधानिक और सामाजिक अन्याय हो रहा है। मूल समाज को ही शत-प्रतिशत आरक्षण और शासकीय सुविधाएं मिलनी चाहिए।

बंशीधर उरांव ने कहा कि हमारे पूर्वजों का योगदान देश को विधर्मियों से बचाने के लिए था और इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम यह आंदोलन कर रहे हैं। डिलिस्टिंग के बिना जनजाति समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। संस्कृति बचेगी तभी समाज बचेगा। डॉ.आजाद भगत ने कहा कि धर्मांतरण के चलते जनजाति समाज में पारिवारिक और सामाजिक तनाव और विघटन हो रहा है। सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्थाएं गड़बड़ा रही हैं, डिलिस्टिंग कानून के माध्यम से ही इन समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। धर्मांतरित जनजातियों द्वारा आरक्षण का बड़ा हिस्सा उपभोग करने के चलते जनजाति समाज अपने मूल अधिकार को प्राप्त नहीं कर पा रहा है। इस अन्याय को दूर कर अनुच्छेद 342 में संशोधन किया जाना चाहिए। बैठक का संचालन रामबिहारी सिंह पैंकरा व आभार प्रदर्शन देवनारायण भगत ने किया। बैठक में नाथूराम भगत, जगनाराम प्रधान, भगत राम, आशाराम भगत, उदयभान, पावन पूर्णाहुति भगत, सचिन भगत, उमेश किस्पोट्टा, बालमुनि प्रधान, शिलो भगत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## महामाया पहाड़ को बचाने प्रभार मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामाया पहाड़ पुनरूत्थान समिति के सदस्यों ने प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंप महामाया पहाड़ की स्थिति से अवगत कराया एवं इसके संरक्षण व संवर्धन के लिए नया प्रोजेक्ट तैयार कराने की मांग की।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन की उदासीनता के कारण महामाया पहाड़ पर कब्जे की होड़ मची है। पहाड़ी के आसपास के गांवों में 50 प्रतिशत से भी कम भूमि अतिक्रमण से बची है। इसे तत्काल संरक्षित नहीं किया गया तो शहर के आसपास का शुद्ध प्राकृतिक वातावरण नष्ट हो जाएगा। महामाया पहाड़ को बचाने के लिए सरकार की पहल अत्यंत आवश्यक है। विगत दिनों महामाया वन पुनरूत्थान समिति की बैठक कैलाश मंगलम में हुई जिसमें उपस्थित नगरवासियों ने इस वर्ष के प्रचंड तापमान पर चिंता व्यक्त किया। महामाया पहाड़ के संरक्षण-संवर्धन का कार्य करने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक उपरांत सदस्यों द्वारा ग्राम सोनपुर, रणपुर खुर्द, खैरवार, बधियाचुआ, कांति प्रकाशपुर, मानिक प्रकाशपुर व लालमाटी का दौरा किया। इस दौरान नीलेश सिंह, विनोद हर्ष, राकेश तिवारी, निशांत गुप्ता, मोनू गुप्ता, दूधनाथ गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## धान खरीदी केन्द्र परिसर में समिति प्रबंधक ने की मक्का व उड़द की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

■ गोचर भूमि पर खेती करने से ग्रामीणों में आक्रोश

ग्राम पंचायत दवनकरा बरपारा स्थित आदिम जाति सेवा.सहकारी समिति मर्यादित धान खरीदी केंद्र परिसर में समिति प्रबंधक ने खाली पड़े परिसर की भूमि में जुताई कराकर मक्का व उड़द की खेती कर दिया। समिति प्रबंधक की मनमानी से किसान आक्रोशित है तथा समिति प्रबंधक को हटाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक का इस तरह से कई मामला सामने आ चुका है। पूर्व में विवादों के कारण उसे सस्पेंड कर दिया गया था लेकिन फिर से बहाल होने के बाद पूर्व की भांति मनमानी करने लगा है जिससे किसानों व ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि धान खरीदी के परिसर की भूमि गांव की गोचर भूमि है जो बरसात के दिनों में खाली रहता है जहां गाय, भैंस, बकरी का चरागाह है। उसे जुताई करवाकर कर दिया खेती किया गया जो गलत है। लोगों का कहना है कि अभी सिर्फ बुवाई किया है इसके बाद वह सरकारी उक्त भूमि को अपने नाम से करवा लेगा फिर किसानों का धान खरीदी कहा होगा यह समझ से परे है। ग्रामीणों ने मौके की जांच करते हुए समिति प्रबंधक संतोष नाविक को तत्काल को सस्पेंड करने की मांग की है।



**कराई जाएगी जांच**

पटवारी को भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी और भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।


-ललिता भगत, एसडीएम

## सरगुजा के तीन विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड में

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना हेतु चयनित सरगुजा के 7 विद्यार्थियों में से तीन का चयन राष्ट्रीय अवार्ड के लिए किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला कोटेया शुभम मोंदी पैकरा, पूर्व माध्यमिक शाला सिंगीटाना की कुमारी नियति एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल असोला की कुमारी रीमा चेरवा अपने उत्कृष्ठ मॉडल का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्पर्धा में करेंगी। सरगुजा के 7 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना हेतु किया गया था। इन विद्यार्थियों में लुण्ड्रा की कु.प्रीति गुप्ता का बोरवेल में फंसे बच्चों को निकालने हेतु मशीन, कोटिया के शुभम मोदी पैंकरा का मॉडल गार्डनिंग ग्लबस विथ क्लॉस, कु.शशिता शा.पूर्व माध्यमिक शाला भंडारडांड बतौली जिनके मॉडल का शीर्षक मिनी आटा चक्की, पेटला की कु.माही बेहरा शीर्षक बुजुर्गों हेतु फोल्डिंग कुर्सी, कु.नियति शा.पूर्व माध्यमिक शाला सिंगीटाना लखनपुर जिनका मॉडल एडजेस्टेबल चूल्हा गैस स्टैण्ड असोला की कु.सीमा चेरवा का मॉडल गन्ने के अपशिष्ट से बैग निर्माण, कुनमेरा खास अरूण कुमार मिंज का मॉडल फोल्डिंग टेबल कम बाक्स का प्रदर्शन राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी किया गया। इंस्पायर अवार्ड योजना में पहली बार सरगुजा के 3 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में कोटिया के शुभम मोदी पैंकरा का मॉडल गार्डनिंग ग्लबस विथ क्लॉस, पूर्व माध्यमिक शाला सिंगीटाना की कुमारी नियति के मॉडल एडजेस्टेबल चूल्हा गैस स्टैण्ड एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल असोला की कुमारी रीमा चेरवा के मॉडल गन्ने के अपशिष्ट से बैग निर्माण मॉडल हेतु किया गया है।

## शिवनंदनपुर नगर पंचायत के गठन पर आपत्ति


**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन को लेकर पिछले दिनों दावा आपत्ति हेतु जारी किए गए अधिसूचना के सार्वजनिक प्रकाशन पर शंभू शक्ति सेना और आदिवासी समाज ने सूरजपुर कलेक्टर के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए उक्त गठन पर रोक लगाए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे अरसे से की जा रही थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पूर्व छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के संयुक्त सचिव पीएस ध्रुव ने पूर्व में 9 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर सूरजपुर को पत्र प्रेषित कर उक्ताशय की जानकारी दी थी। जारी पत्र में छग नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 में वर्णित प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत गठन किए किए जाने हेतु 4 अक्टूबर को अधिसूचना का प्रारंभिक प्रकाशन किए जाने का उल्लेख किया था।



# 'कल्कि 2898 एडी' देख हिल गया दिमाग...

**मुंबई।** 'कल्कि 2898 एडी'ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रखी है। फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। 27 जून को सिनेमाघरों में फिल्म ने दस्तक दी थी। रिलीज के 12 दिन बाद भी फिल्म का क्रेज उसी तरह से बना हुआ है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के अभिनेताओं ने कल्कि की तारीफ की है। अब दक्षिण के सुपरस्टार महेश बाबू ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कल्कि 2898 एडी ने मेरा दिमाग हिला दिया, वाह!' उन्होंने फिल्म के कास्ट और क्रू की भी तारीफ की।

लाइफ Style



# रसिका
## प्रोग्रेसिव की बातें होती हैं, अमल नहीं

'मिर्जापुर सीजन 3' में बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आ रहीं रसिका दुग्गल ने कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है। उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ से बारे में खुलकर बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रसिका ने कहा कि आज ओटीटी ही नहीं फिल्मों में भी औरतों की सेक्सुअलिटी पर खुल कर बातें हो रही हैं। एक समय तो ये बहुत बड़ा टैबू माना जाता था। रसिका इस बदलाव को कैसे देखती हैं? सवाल पर वे कहती हैं, 'ये तो स्वाभाविक ही होना चाहिए। इस विषय पर कोई बड़ी चर्चा भी नहीं होनी चाहिए, मगर चूंकि हम ऐसी सोसायटी में रहते हैं, जहां पर ये स्थापित किया गया है कि औरत अगर अपनी सेक्सुअलिटी पर बात करती है, तो वो बेशर्म है। मैंने देखा है कि जब भी हम बदलाव की बात करते हैं, तो ये एक चक्र की तरह बन जाता है। हम ऊपरी तौर पर इस पर बात करते हैं, मगर अंदरूनी रूप में हमारे अंदर जो रूढ़िवादिता होती है, उसके कारण हम उस पर अमल नहीं कर पाते, तो कई बार मुझे डर लगता है कि जितनी प्रोग्रेसिव बातें हो रही हैं, क्या हम उतने प्रोग्रेसिव हुए हैं? प्रोग्रेसिव होने के नाम पर हमारे जो पारंपरिक विचार या जो सदियों से बैठी हुई पिछड़ी सोच है, उसके बारे में तो हम बात ही नहीं कर रहे हैं, उन्हें अभिव्यक्त नहीं कर रहे, तो कहीं अंदर ही अंदर वे बढ़ते तो नहीं जा रहे?' मनोरंजन जगत में डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय बिता चुकी रसिका दुग्गल ने 'हामिद', 'मंटो', 'किस्सा', 'क्षय' जैसी कई ऐसी फिल्मों में अहम रोल किए।

हॉलीवुड मसाला



# 22 नवंबर को रिलीज होगी ग्लेडिएटर-2

**लॉस एंजिलिस।** रिडले स्कॉट की 'ग्लेडिएटर 2' फिल्म 2024 के अंत में मजबूत कलाकारों के साथ बॉक्स ऑफिस पर कदम रखेगी। हाल ही में, 'विकेड' की रिलीज की तारीख को फिर से तय करने से यूनिवर्सल की मूवी म्यूजिकल का मुकाबला 'ग्लेडिएटर 2' से हो गया है, जो 'बार्बी' बनाम 'ओपेनहाइमर' की तरह ही है। 'विकेड 'को पहले 'मोआना 2' के साथ कॉम्पिटिशन करने के लिए तैयार किया गया था। सीक्वल फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पॉल मेस्कल मुख्य किरदार लुसियस की भूमिका में होंगे, जो लुसिला कोनी नीलसन का बेटा है।



# टोबी मॉडल लिली ची को कर रहे हैं डेट...

**लॉस एंजिलिस।** 'स्पाइडर-मैन' फेम एक्टर टोबी मागुरिए के अफेयर को लेकर हाल ही में खूब चर्चा रही है। दरअसल एक्टर को लेकर ये खबरें मीडिया में जमकर सुर्खियां बटोर रही थीं कि एक्टर उस मॉडल के साथ अफेयर में हैं जिनकी उम्र एक्टर की बेटी से बस 3 साल अधिक है। हालांकि, अब इन खबरों को लेकर एक्टर टोबे की एक्स वाइफ जेनिफर मेयर ने भी अपना रिएक्शन दिया है। दरअसल, 'स्पाइडर-मैन' एक्टर को लेकर इन खबरों को हवा तब मिली जब ये वीकेंड पर 20 साल की मॉडल लिली ची के साथ दिखे। अब 'द इंडिपेंडेंट' की एक नई रिपोर्ट में बताया गया है कि जेनिफर ने इंस्टाग्राम के जरिए एक यूजर को जवाब दिया और कहा, ' टोबी एक अच्छे शख्स हैं और वो एक अच्छे दोस्त के नाते कार तक उनकी मदद कर रहे थे।'



# यश ने दी थी शादी न करने की सलाह

**मुंबई।** 'त्रिदेव' एक्ट्रेस सोनम का कहना है कि यश चोपड़ा ने उन्हें जल्दी शादी करने से मना किया था। यश चोपड़ा ने कहा था कि सोनम शादी करके गलती कर रही हैं पर एक्ट्रेस ने एक नहीं सुनी। सोनम खान ने 17 सालकी उम्र में फिल्में छोड़ दीं और फिर 18 की उम्र में शादी कर ली थी। 'त्रिदेव' फिल्म की एक्ट्रेस सोनम खान इस वक्त अपने एक इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने फिल्मी करियर से जुड़े कई खुलासे किए हैं। 'ओए ओए गर्ल' के नाम से मशहूर हुईं सोनम खान ने साल 1994 में फिल्मों को अलविदा कह दिया था और शादी कर ली थी। सोनम खान ने खुलासा किया है कि फिल्ममेकर सोनम खान ने उन्हें शादी न करने की सलाह दी थी। साथ ही कहा था कि वह बड़ी गलती कर रही हैं। उन्होंने साल 1988 में यश चोपड़ा की फिल्म 'विजय' से एक्टिंग डेब्यू किया था।



# हिट फिल्में देने के बाद भी नहीं मिला काम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय को आखिरी बार रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'इंडियन फोर्स' में देखा गया था। विवेक अब तक इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दे चुके हैं। उन्होंने 'मस्ती' फ्रेंचाइजी, 'साथिया', 'शूटआउट एट लोखंडवाला' और 'ओमकारा' जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। हाल ही में विवेक ओबेरॉय ने बताया कि कैसे उन्होंने अभिनेता बनने से पहले व्यावसायिक यात्रा शुरू की और अभी भी उसी आय पर निर्भर हैं। जब मैंने बॉलीवुड में संघर्ष करना शुरू किया, जब एक सफल अभिनेता होने के बाद भी मुझे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, मैं अपने कौशल को साबित करने के बाद भी चुनौतियों का सामना कर रहा था, जब मुझे कोई फिल्म नहीं मिल रही थी तो एक अलग तरह का दबाव था। तब ये व्यवसाय ही मेरी आय का स्रोत था।

टीवी मसाला

# 'अनुपमा' : लालच में अंधा हुआ वनराज शाह

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि वनराज शाह अपने लोभ के चलते बा और बापूजी के दिल की बात नहीं समझ पाएगा। बापूजी उसे बताएंगे कि क्यों वो घर छोड़कर यहां इस वृद्धाश्रम में चले आए हैं। बापूजी लेकिन बच्चों की खुशी को ध्यान में रखते हुए यह भी कह देंगे कि हमारी उम्र हो चली है और तुम्हारा पूरा जीवन बाकी है। तो ऐसे में वो घर बेच देना ही सही फैलला होगा। अपनी कुंद सोच और बच्चों की बातों में आकर वनराज शाह उस प्रॉपर्टी को बेचने के फैसले पर अड़ा रहेगा। लेकिन अनुपमा और अनुज कपाड़िया उसके रास्ते का रोड़ा बनकर खड़े हो जाएंगे। घर लौटने पर जब किंजल और काव्या वनराज शाह से पूछेंगे कि वो बा-बापूजी को साथ क्यों नहीं लाया तो वह कोई जवाब नहीं देगा। किंजल कहेगी कि यह घर बा-बापूजी के बिना नहीं चल पाएगा तो वनराज शाह कहेगा कि मैं जाऊंगा उनसे मिलने। उनसे प्रॉपर्टी के कागजों पर साइन लेकर आऊंगा। उसकी बातें सुनकर किंजल सन्न रह जाएगी। वनराज शाह जहां चेहरे पर मायूसी लिए अभी भी प्रॉपर्टी के बारे में सोच रहा है वहीं अनुपमा साफ कहेगी कि कुछ भी हो जाए वो इन कागजों पर साइन नहीं करेगी।




# 'मैं किसी को हेट नहीं करती और ना मेरी किसी से दुश्मनी है'...

**नई दिल्ली।** अरमान मलिक ने इस वीकेंड का वार में विशाल पांडे को थप्पड़ मार दिया था। यह सब तब हुआ जब पायल मलिक वीकेंड का वार में आईं और उन्होंने सभी को बताया कि विशाल ने लवकेश कटारिया से कृतिका को लेकर कहा कि वह उन्हें पसंद करते हैं। इसके बाद अरमान, विशाल से लड़ते हैं और फिर वह विशाल पर हाथ उठा देते हैं। अब पायल से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी क्लीयर नहीं हुआ कि उन्होंने हाथ उठाया। मुझे अभी नहीं पता। अगर हाथ उठाया होगा तो जो चीज सही है वो होगा। मुझे पता है उन्होंने हाथ नहीं उठाया होगा। इसके बाद उनसे पूछा गया कि लोग कह रहे हैं कि मेकर्स मलिक परिवार को बहुत सपोर्ट कर रहे हैं तो इस पर पायल ने कहा कि मेकर्स वहां हमें क्यों सपोर्ट करेंगे। वहां जो भी होता है सब कंटेस्टेंट्स की वजह से ही होता है। कृतिका की इमेज लोगों ने इतनी खराब कर दी है चाहे उसने कुछ किया है कि नहीं।



# कभी दिवालिया हो गए थे 'खिचड़ी' के हिमांशु

*__मुंबई।__ टेलीविजन निर्माता जेडी मजीठिया उर्फ जमनादास मजीठिया ने कई चर्चित शो का निर्माण किया है। इनमें से एक है खिचड़ी। इस शो में वह खुद भी हिमांशु के रोल में नजर आए। जेडी मजीठिया ने इंडस्ट्री में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक दौर ऐसा भी देखा कि वे कर्ज के बोझ तले दब गए। वे पूरी तरह कंगाल हो चुके थे। प्रोड्यूसर ने बताया कि अकाउंटेंट की गलत गणना की वजह से उनका प्रोडक्शन हाउस दिवालिया हुआ था। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जेडी मजीठिया ने अपने पेशेवर जीवन के सबसे बुरे दौर के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में ऐसा हुआ था, जब उन्होंने खुद को एक ऐसी मुसीबत से जूझते हुए पाया जीवन का सबसे बड़ा अध्याय बन गई। मालूम हो कि जेडी मजीठिया अपना प्रोडक्शन हाउस हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस चलाते हैं। जेडी मजीठिया ने कहा, 'शो के मामले में मेरी सबसे बड़ी विफलता के कई व्यक्तिगत उदाहरण होंगे। लेकिन 2013 में एक बार कंपनी घाटे में चली गई। हमारे पांच शो चल रहे थे। हमारे अकाउंट्स में एक शख्स था, जिसने हमें गुमराह किया।*



*शायद मैं उस समय इतना परिपक्व नहीं था कि इसे ठीक से समझ पाता। मैं कड़ी मेहनत करता और सभी को समय पर भुगतान करता, लेकिन उस आदमी ने हमारे हिसाब-किताब में कुछ गड़बड़ कर दिया और हम दिवालिया हो गए। हमें कुछ समझ नहीं आया'। उन्होंने आगे कहा, 'वहां से हमने धीरे-धीरे खुद को फिर से खड़ा किया। यह मेरा सबसे बड़ा अध्याय है। हमारा सारा पैसा खत्म हो गया था, हम घाटे में थे और हम पर लोगों का कर्ज भी था। लेकिन हमने सभी का पैसा चुकाया और आज हम अपने पैरों पर खड़े हैं। हमने जितना आर्थिक नुकसान सहा, उससे कहीं ज्यादा आज कमाया है, लेकिन हमारा नाम कभी खराब नहीं हुआ। हमारी साख बरकरार रही और यह दौर छह महीने से ज्यादा नहीं चला'। मजीठिया ने बताया कि जब संकट आया था, तब उन्होंने 75,000 रुपये के बजट के साथ 'माई सागर' नाम से अपना शो लॉन्च किया था। उन्होंने आगे बताया कि पैसे तो खत्म हो गए, लेकिन हमने वहीं से फिर से शुरुआत की।*

# 'मिक्सचर' में होगी अहाना-अनुष्का की जोड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का रंजन अपनी आगामी वेब सीरीज 'मिक्सचर' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। निर्देशक हनीश कालिया लेकर आ रहे हैं धमाकेदार एक्शन और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज 'मिक्सचर'। सीरीज 'मिक्सचर' में पहली बार अहाना कुमरा और अनुष्का रंजन साथ नजर आएंगी। यह सीरीज क्राइम और सस्पेंस की दुनिया की सच्चाई दिखाएगी। एक्शन-सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज 'मिक्सचर' इस साल रिलीज हो सकती है। प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुष्का रंजन 'मिक्सचर' नाम की आगामी वेब सीरीज में नजर आएंगी। यह एक एक्शन-थ्रिलर पर आधारित वेब सीरीज होगी। निर्देशक हनीश कालिया की इस वेब सीरीज में आपको भरपूर सस्पेंस और क्राइम देखने को मिलेगा। यह सीरीज दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगी। पिनाका एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और हनीश कालिया द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक तरह से दर्शकों को अपराध और रहस्य की दुनिया की गहराई में ले जाएगी। इस सीरीज में अनुष्का के साथ अभिनेत्री अहाना कुमरा भी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी वेब सीरीज 'मिक्सचर' गोवा की सुंदर पृष्ठभूमि और मुंबई की हलचल भरी सड़कों पर आधारित है।



## दर्द और डर से भरी थी 'ठाकुर' की कहानी

# पहली नजर के प्यार के लिए जिंदगी भर तरसे संजीव कुमार

*नई दिल्ली। संजीव कुमार हिंदी सिनेमा के वो नाम है, जो बच्चे-बच्चे की जुबान पर रहता था। आंखों से अदाकारी के लिए पहचाने जाने वाले संजीव कुमार ने बचपन से ही अभिनेता बनने का सपना देखना शुरू कर दिया था। जब उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा तो सभी उनकी अदाकारी के मुरीद हो गए। संजीव कुमार अपने किरदार को इतनी संजीदगी से निभाते थे कि हर कोई बड़ी ही आसानी से उस किरदार जुड़ जाता था। आज ही के दिन संजीव कुमार ने जन्म लिया था। आइए उनकी बर्थ एनिवर्सरी पर जानते उनके जीवन से जुड़े कुछ पहलुओं को।*

### बचपन से अभिनेता बनने चाहते थे

संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत के एक गुजराती परिवार में हुआ था। संजीव कुमार के बचपन का नाम हरीभाई जरीवाला था। बचपन से ही उनका रुझान फिल्मों की ओर था और यही प्यास उन्हें मुंबई खींच लाई। संजीव जब सात साल के थे तब उनका परिवार मुंबई आ गया। मुंबई आने के बाद संजीव के सिर पर अभिनेता बनने का भूत सवार हो गया। उन्होंने थिएटर भी किया। अपने सपने का पीछा करते हुए संजीव ने साल 1960 में फिल्म 'हम हिंदुस्तानी'से फिल्मी दुनिया में कदम रखा और अपनी शानदार अदाकारी के दम पर फिल्म जगत के ध्रुव तारा बन गए। वो हर किरदार में खुद को इस कदर ढाल लेते थे कि पता ही नहीं चलता था कि वो अभिनय कर रहे हैं।



### इश्क को तरसते रहे

अपनी अदाकारी और सादगी से लाखों करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले संजीव कुमार जिंदगी भर मनचाहे प्यार के लिए तरसते रहे। संजीव कुमार असल जिंदगी में किसी पर अपना दिल हार बेठे थे। वह कोई और नहीं 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी थी। फिल्म 'सीता और गीता' की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार पहली ही नजर में हेमा मालिनी पर अपना दिल हार बैठे थे, लेकिन उनका प्यार मुकम्मल ना हो सका। संजीव कुमार हेमा मालिनी का हाथ मांगने उनके घर भी गए थे। कहा जाता है कि हेमा मालिनी की मां ने उनका रिश्ता ये कहकर ठुकरा दिया कि वह उनकी बिरादरी के नहीं हैं। इससे संजीव कुमार इस कदर टूट गए कि जिंदगी भर शादी ना करने की कसम खा ली। यहां तक कि उन पर जान छिड़कने वाली सुलक्षणा के प्यार को भी ठुकरा दिया।

### मौत के डर के साए में जीते रहे

संजीव कुमार के जीवन की सबसे हैरान कर देने वाली बात थी कि वह अपनी मौत को लेकर हमेशा परेशान रहते थे। वह हमेशा कहते थे कि उनकी उम्र ज्यादा नहीं होगी, इसके पीछे वह अपने परिवार में हुई मौतों का हवाला देते थे। आखिरकार हुआ भी कुछ ऐसा ही अपनी जिंदगी के 50 साल पूरे होने से पहले ही उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 47 साल की उम्र में संजीव की हार्ट अटैक से मौत हो गई।



## खबर संक्षेप

### कोतमरा के नहरपार में निकली रथ यात्रा



**कटेली।** सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत कोतमरा के नहर पार में रथ यात्रा का आयोजन रखा गया। जिसमें भारी संख्या में गांव के ग्रामीण आमजन नैनीहाल बच्चे बड़े ही उत्साह के साथ पहुंचे। रथ यात्रा के दौरान मोहल्ले में जगन्नाथ भगवान की यात्रा निकाली गई रथयात्रा के दौरन घर से निकाल कर महिलाएं आरती फल फूल से पूजा पाठ करने लगी। यह आयोजन पायल मोतीराम साहू निवासी कोतमरा के द्वारा रखा गया था मोतीराम साहू के घर में पूजा पाठ के बाद जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा निकाली गई।

### अंडर 23 की क्रिकेट टीम घोषित राजधानी में होगा स्टेट ट्रायल

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस के द्वारा आदेशित किए जाने पर जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 23 टीम का ट्रायल लेकर टीम की घोषणा की गई। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि चयनकर्ता पंकज बोहिदार एवं अभिषेक गुप्ता के निर्देशन में गेंदबाजी एवं बल्लेबाजी का आंकलन कर टीम की घोषणा की गई। जो इस प्रकार है। आलोक दुबेए अमन यादव, अजहरूल कादरी, चिराग सिंह, धनेश्वर उरांव, दुष्यंत चौहान, हासिम कुरैशी, कमलेश यादव, मचंक सिदार, मोहसीन अहमद, राजकुमार निशाद, राम मिश्रा,सागर यादव, शुभम पैंकरा व तुषार शर्मा शामिल हैं। यह टीम राजधानी में जाकर स्टेट टीम के चयन हेतु ट्रायल देगी। जहां पर कैंप के पश्चात अंतिम रूप से छत्तीसगढ़ की टीम बनेगी। टीम के चयन पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

### सब्जियां हुई महंगी, थाली पर दिखने लगा महंगाई का असर



**कटेली।** सारंगढ अंचल के गांव गांव मे लगने वाली हाट बाजार मे इस समय हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रही है महगाई इतनी की बाजार मे खरीदी के लिए पहुचे गरीब वर्ग के लोग सब्जियों के दाम सुनकर ही होश उडे है। दिन प्रतिदिन उपयोग करने वाले आलू भी अब 40 रूपए बिक रहे है। तो इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है सूखा आलू की कीमत इस कदर चढी हूई है तो हरी सब्जियो की हश्र क्या होगा और आप सोच सकते है जब हाट बाजार मे ये हाल है तो स्थानीय दूकानो मे महगाई क्या होगी। इस तरह से देखा जाए तो महगाई दिनो दिन बढती जा रही है जिससे काफी हद तक लोगो की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और गरीब वर्ग से लेकर सामान्य वर्ग काफी हद तक परेशान नजर आ रहे। आइए कटेली की हॉट बाजार की हरी सब्जियों के दामों पर नजर डालते हैं आलू 40, करेला, 80 भिन्डी, 40 बैगन, 40 बरबटी, 80 लालभाजी, 40 टमाटर, 70 हरा मिच.150, धनिया 200 रुपए तक पहुंच गया है।

### टाटा इतवारी पैसेंजर रहेगी रद्द

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलनेध्गुजरने वाली कुछ यात्री गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रदद होने वाली गाडियों में 13, 20 एवं 27 जुलाई को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके साथ ही 13, 20 एवं 27 जुलाई को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18113/18114 टाटानगर बिलासपुर टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## निधन

### केजी स्वर्णकार

**रायगढ।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता केजी स्वर्णकार का 10 जुलाई को प्रातः 4 बजे हृदयाघात से निधन हो गया। उनकी शवयात्रा बुधवार शाम 4 बजे उनके निवास स्थान कोतरा रोड से कयाघाट मुक्तिधाम के लिए निकाली गई जहां दिवंगत का अंतिम संस्कार हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के अधिवक्ता शामिल हुए।



अमृत भारत योजना के तहत् सौंदर्यीकरण का काम

# रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य का डीसीएम ने किया निरीक्षण, गति बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यो को जल्दी पूरा करने व नए कार्य शुरू करने को लेकर लगातार निरीक्षण चल रहा है। इस दौरान मंगलवार को सीनियर डिसीएम अपने दल बल के साथ पहुंचे थे जहां ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों की क्लस लगाई।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत सौंदर्यीकरण का काम विगत कई माह से चल रहा है लेकिन अभी तक दस प्रतिशत भी काम पूरा नहीं हो पाया है। साथ ही अभी कई और काम होना है लेकिन उसका श्रीगणेश भी नहीं हो पाया है। जिसको लेकर लगतार अधिकारियों का दौरा कार्यक्रम चल रहा है। इस बीच मंगलवार को बिलासपुर जोन के सीनियर डीसीएम अनुराग सिंह अपने दल बल के साथ रायगढ़ पहुंचे थे। जहां उन्होंने स्टेशन के सामने चल रहे निर्माण कार्यों का जयजा लिया। जिसमें पाया गया कि यह कार्य माहभर पहले हो जाना था लेकिन ठेकेदार के ढुलमुल रवैये के चलते अभी तक कुछ काम नहीं दिख रहा है। साथ ही बरसात भी शुरू हो गया है लेकिन नाली तक का भी काम अधर में लटका है। ऐसे में अगर तेज बारिश होती है तो स्टेशन के सामने पानी भी भर सकता है जिससे स्टेशन आने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में सीनियर डिसीएम अनुराग सिंह ने स्थानीय अधिकारियों के साथ ठेकेदार की क्लास लगाते हुए निर्देशित किया कि काम में तेजी लाएं ताकि समय रहते कार्य पूरा हो सके। इसके साथ ही अभी प्लेटफार्म में भी कई काम होने है जिसको लेकर भी स्थानीय अधिकारियों व संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लेटफार्म में काम शुरू करने से पहले यह सुनिचित करें कि इससे यात्रियों को परेशानी न हो और काम भी तेजी से हो ताकि समय सीमा में काम हो सके।



#### 2025 तक पूरा करना है कार्य

इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि रायगढ़ स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य 2025 तक पूरा करना है लेकिन अभी तक 10 प्रतिशत भी काम पूरा नहीं हो पाया है। जिसको लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। साथ ही स्टेशन के बाहर चल रहे नाली निर्माण के चलते लोगों की हो रही समस्या को जल्दी दुर करने कहा।

## सारंगढ़ विधायक को बदनाम करने वीडियो किया वायरल, थाने में शिकायत

**रायगढ़।** सारंगढ़ विधायक के पति ने पुलिस में शिकायत की है कि उन्हें बदनाम करने की साजिश के तहत एक वीडियो वायरल किया गया है। इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए बताया गया है कि धान खरीदी में गड़बड़ी करने वालों ने यह कृत्य किया है ।

गणपत जांगड़े सारंगढ़ विधानसभा की विधायक श्रीमती उतरी जांगड़े के पति एवं विधायक प्रतिनिधि हैं। धान खरीदी केन्द्रों में हुई धान खरीदी एवं खाद बीज वितरण, कालाबाजारी तथा भ्रष्टाचार की शिकायत क्षेत्र के किसानों द्वारा विधायक को मिलने पर उचित जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हेतु विधानसभा मे मुद्दा उठाया। जिसे देखकर षडयंत्र कर विधायक एवं विधायक पति विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े को बदनाम करने के लिएवीडियो बना कर उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। उक्त वायरल वीडियो देखने के बाद विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े ने एक शिकायत पत्र कोसीर थाना प्रभारी को सौंपा है। इस आवेदन में गनपत ने बताया है कि पूर्व सोसायटी प्रबंधक दिलीप टंडन द्वारा राजनीतिक षडयंत्र कर उनके व क्षेत्रीय विधायक की छवि खराब करने के उद्देश्य से फर्जी वीडियो बनाकर डाला गया है। इससे वे उनकी पत्नी श्रीमती उत्तरी जांगड़े विधायक अत्यंत ही आहत व अपमानित महसूस कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप दैनिक कार्य एवं विधायक के जन कल्याणकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

एक मामले में कलेक्टर को एक पत्र लिखकर गाताडीह सेवा सहकारी समिति के साथ-साथ उप केंद्र कोसीरएजशपुर द्वारा अपेक्स बैंक के माध्यम किसानों के नाम पर चढ़ाए गए फर्जी ऋण को लेकर एक शिकायत दी गई थी जिसमें जांच जारी है। उसके बाद विधानसभा में प्रश्न लगने से पूर्व प्रबन्धक ने वीडियो बनाकर गलत तरीके से दबाव बनाने की कोशिश की है। इस कारण पूर्व प्रबन्धक दिलीप टंडन एवम षडयंत्र कारीयों तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।



#### विधानसभा में उठेगा मामला

गाताडीह सरकारी समिति व जशपुर में धान खरीदी को लेकर हुई हेराफेरी के मामले में कलेक्टर को मैंने शिकायत की है। आगामी 22 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में इस फर्जीवाडे की गूंज फिर से सदन में सुनाई देगी।

-उत्तरी जांगड़े, विधायक, सारंगढ़

## भुगतान के अभाव में ठेकेदारों में रोष, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** नगर निगम में भुगतान समय पर नहीं होने सहित अन्य परेशानियों को लेकर ठेकेदारों ने निगम आयुक्त के नाम ईई को ज्ञापन सौंपा है। निगम ठेकेदारों का कहना है कि काम होने के बाद समय पर बिल नहीं बनाए जाते है जिससे भुगतान समय पर नहीं होता है। इससे काम करने में काफी परेशानी हो रही है। ठेकेदारों ने व्यवस्था में सुधार लाने निगम प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है यदि सुधार नहीं होता है तो उन्होंने काम बंद कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

नगर निगम में लोक कर्म विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच विगत कई माह से खींचतान जैसी स्थिति बनी हुई है। निगम के ठेकेदार संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष अनिल डालमिया के नेतृत्व में अपनी समस्याओं को लेकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने सोमवार को कार्यालय पहुंचे। वहीं आयुक्त सुनील चन्द्रवंशी के नहीं रहने पर कार्यपालन अभियंता एके लोहिया को उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ठेकेदारों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि काम का बिल समय पर नहीं बनाया जाता है जिससे भुगतान में देरी होती है। इसके अलावा पूर्व में हुए कार्यों का बिल बनने के बावजूद कई ठेकेदारों का आज पर्यंत भुगतान नहीं हो पाया है जिससे उन्हें आगे काम करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अनिल डालमिया ने कहा कि नगर निगम में काफी लचर व्यवस्था है जिसका खामियाजा ठेकेदारों को भुगतना पड़ रहा है।



#### समस्या का होगा निराकरण

ठेकेदारों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है उनकी जांच कर समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। वहीं भुगतान रूक नहीं रहा है लेकिन किसी किसी मद में राशि नहीं होने की स्थिति में कुछ काम के भुगतान में विलंब हो रहा है उसे भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

-एके लोहिया, कार्यपालन अभियंता

### फसल बीमा योजना का लाभ पाने आवेदन 31 तक

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के समस्त ऋणी व अऋणी कृषक 31 जुलाई 2024 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 का लाभ ले सकते है। फसल बीमा में मक्का, धान सिंचित, धान असिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, रागी एवं अरहर को शामिल किया गया है। कृषक को बीमित फसल क्षति का दावा के लिए बीमा कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड के टोल फ्री नंबर 1800.11.6515, 1800.209.5959 एवं 1800.266.0700, 14447 में 72 घंटे के भीतर फसल क्षति की सूचना देना अनिवार्य है। उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में खरीफ 2024 हेतु छग शासन से जारी अधिसूचना के आधार पर जिले के समस्त विकासखण्ड के ग्रामों को फसल बीमा खरीफ 2024 के लिए अधिसूचित किया गया है। जिसके तहत मक्का, धान सिंचितए धान असिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, रागी एवं अरहर फसल का बीमा हेतु अऋणी कृषकों से बीमा प्रस्ताव का आवेदन बैंक वित्तीय संस्थानों लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है ।

## चेम्बर के आगामी चुनाव में सुशील रामदास के नाम पर बन सकती है आम सहमति

**रायगढ़।** व्यापारी एकता पैनल की बड़ी बैठक रायपुर के होटल बेबीलॉन इन में संपन्न हुई बैठक में छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के व्यापारियों के नेतृत्वकर्ताओं ने उपस्थिति हुई।

बैठक में मंच संचालन योगेश अग्रवाल ने किया और बैठक को संबोधित करते हुए व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष ने सभी का स्वागत और अभिनन्दन किया तथा बैठक चेम्बर चुनाव की भूमिका पर प्रकाश डाला श्री सुन्दरानी ने अपने अध्यक्षी संबोधन में पिछले तीन साल में चेम्बर को पंगु बना दिया गया व्यापारियों की आवाज पूरी तरह से दबा दी गई भूपेश बघेल सरकार की चापलूसी में पूरा चेंबर लगा रहा यूजर चार्ज के मामले में चेंबर अध्यक्ष कैंप लगाकर यूजर चार्ज पटवाते रहे जीएसटी से लोगों की परेशानी बढ़ी लेकिन चेम्बर ने कोई भूमिका नहीं निभाई बैठक में राजनांदगांव से आए चेम्बर के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने व्यापारियों को संगठित होकर व्यापारी एकता पैनल को जिताने की अपील की और व्यापारी एकता पैनल से सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी, महासचिव प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन का सम्मान किया गया बैठक में रायपुर भिलाई दुर्ग राजनंदगांव बालोद दल्ली राजहरा धमतरी कांकेर चारामा तिल्दा भाटापारा बिल्हा बिलासपुर रायगढ़ मनेन्द्रगढ़ जगदलपुर मुंगेली कोरबा बेमेतरा बचेली गरियाबंद राजिम इन सभी शहरों से एकता पैनल के सभी व्यापारी नेता निर्वाचित पदाधिकारी शामिल हुएए जिसमें रायपुर से मालवीय रोड व्यापारी संघ कटोरा तालाब व्यापारी संघ सदर बाजार व्यापारी संघ एम जी रोड व्यापारी संघ तेलीबांधा व्यापारी संघ स्टेशन रोड व्यापारी संघ गोल बाजार व्यापारी संघ पंडरी व्यापारी संघ रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन शामिल हुए।



## होटल, लॉज, धर्मशाला संचालकों की बैठक



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं सिटी एसपी आकाश शुक्ला द्वारा शहर के होटल, धर्मशाला, लाज, ढाबा संचालकों के साथ बैठक लेकर उन्हें सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश पुलिस नियमित रूप से संदिग्धों की जांच और कार्यवाही की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से होटलए ढाबा, लाज, धर्मशाला व सराय जांच की जांच और प्रतिष्ठानों का सहयोग आपेक्षित है। इसी परिप्रेक्ष्य में एडिशनल एसपी ने शहर की सुरक्षा को लेकर संचालकों को निर्देशित किए कि वे उनके संस्थान के सभी कर्मचारियों का सत्यापन करावें। होटल, सराय, धर्मशाला में बिना आईडी कमरे उपलब्ध ना कराया जाए। ठहरने वालों के नाम, मोबाइल नंबर और आईडी की छायाप्रति रिकार्ड में रखें। कस्टमर के मोबाइल नंबर पर कॉल कर वेरीफाई कर लें। अनैतिक क्रियाकलाप के लिए होटल, सराय, धर्मशाला में कमरे उपलब्ध ना कराया जाए बिना अनुमति देर रात तक पार्टी या अन्य कार्यक्रम संचालित ना हो। पूरा प्रतिष्ठान बाहरी सड़क तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी हो तथा डीवीआर सुरक्षित रखें। होटल, ढाबा, लॉज में कोई संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधियां हो तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को सूचित किया जाए।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी संघ का प्रदर्शन



**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के द्वारा कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु ध्यानाकर्षण ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम शाम 4 भीज्ञापन सोपा गया, प्रमुख मांगों में केंद्र के समान कर्मचारी एवं पेंशनरों को 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए केंद्रीय कर्मचारी एवं मध्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 300 दिन का अवकाश नगदी करण का आदेश जारी किया जाए, पिंगुआ समिति का गठन शिक्षक, लिपिक, स्वास्थ्य एवं अन्य संवर्गों के कर्मचारियों की वेतन विसंगति सुधार हेतु किया गया था की रिपोर्ट जारी कर वेतन विसंगति मैं सुधार करना, लिपिक के अनुकंपा नियुक्ति में दिए गए शर्तों के पालन हेतु दक्षता परीक्षा 6 माह में आयोजित किए जाने संबंधी आदेश जारी किया जाए, अनियमित, दैनिक वेतन भोगी, कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी गठित समिति का प्रतिवेदन प्राप्त कर नियतिकरण किया जाए प्रदेश के सभी संवर्गों के कर्मचारियों का लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ किया जाए। उपरोक्त मांगों के साथ पटवारी संघ का आंदोलन का एवं राजस्व अधिकारी जो 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर हैं उनका भी समर्थन किया गया।

## निर्माण कार्यो का समय पर नहीं हो रहा मूल्यांकन

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के 88 पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यो के मुल्यांकन के लिए 4 उपयंत्रियों में कार्य विभाजन हुआ है वहीं एक एसडीओ एवं एक लिपिक हैं जो समूचे कार्यो का लेखा जोखा रखने के साथ ही मानिटरिंग भी करते हैं। यहां पदस्थ एसडीओ साहू टूर प्रोगाम टू डायरी समय पर मेन्टेने रखते हैं वहीं इस मेन्टेन को यहां पदस्थ उपयंत्री नहीं करते ऐसा जानकारी प्रकाश में आया है। इससे यह साबित होता है कि उपयंत्री फिल्ड में चल रहे निर्माण कार्यो का समय पर मुल्यांकन नहीं करते हैं इस तथ्य की पुष्टि ऐसे में हुई चूंकि क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो का समय पर भुगतान नहीं होने की बात सरपंचों द्वारा की जा रही है। जानकारी के मुताविक सोडेकेला से नावापाली तक के 21 पंचायत उपयंत्री बिन्दु डनसेना का कार्यक्षेत्र है, गोर्रा से तेतला 21 पंचायत उपयंत्री राखी पटेल का कार्यक्षेत्र है, गुडु से अमापाली 25 पंचायत का कार्यक्षेत्र अनिल निराला का कार्यक्षेत्र है और टपरदा से कोतासुरा 21 पंचायत राधिका पटेल का कार्यक्षेत्र है। जानकारों की माने तो 88 पंचायतों में विधायक मद, सांसद मद, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, डीएमएफ फंड, सीएसआर, छ.ग.राज्य ग्रामीण विकास प्राधिकारण, जनपद विकास निधि, 15 वित्त आयोग ग्राम पंचायत, 15वे वित्त जनपद पंचायत, 15वे वित्त जिला पंचायत, जिला विकास निधि सहित कई योजनाओं के तहत करोडो रूप्ये के काम चल रहे हैं। बताया जाता है कि कार्य दिवस पर उपयंत्रीयों को जनपद कार्यालय के अपने आरईएस शाखा में प्रतिदिन आकर अपने दौरा प्रोग्राम का हवाला देना है उसके बाद टुर में निकलना है इसके साथ ही प्रत्येक बुधवार और सोमवार को कार्यालय में बैठना है जिससे कि संबंधित क्षेत्र के निर्माण ऐजेंसी अपने काम को आगे बढा सके। क्षेत्र के प्रायः सरपंचों से ये बात छन के आती रही है कि मुल्यांकन नहीं हो पाया है इसलिये भुगतान नहीं हो पाया।



## ट्रक व बोलेरो में भिड़ंत, 6 घायलों का चल रहा उपचार



**जशपुरनगर।** सिटी कोतवाली के तहत आने वाले चापाटोली में ट्रक व बोलेरो में भिड़ंत हो गई है। भिडंत में छह लोगों के घायल होने की खबर है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली के अंतर्गत आनेवाले चापाटोली के पास ट्रक व बोलेरो में भिडंत होने से छह लोग घायल हो गए हैं। इसमें से एक की हालत गंभीर बताई गई है। गंभीर रूप से घयल व्यक्ति को अम्बिकापुर अस्पताल रिफर किया गया है। शेष घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार 9 जुलाई की रात की है। समाचार लिखे जाने तक घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### मुख्यमंत्री कन्या दान योजना अंतर्गत खरसिया में 15 जोड़ों का विवाह

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कार्यक्रम अधिकारी रायगढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा खरसिया के बाल विकास परियोजना के अधिकारी तत्वाधान में खरसिया विकासखंड से आए आए 15 जोड़ों ने आज गायत्री मंत्र उच्चारण और वैदिक रीति से शादी के सूत्र में बधे जहां वर वधू के के परिवार के सामने साक्षी के रूप में विवाह के गठबंधन में बधे। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र के वर वधू और उनके परिवार गायत्री मंदिर में पहुंचना प्रारंभ कर दिए थे जहां परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षकों के द्वारा उनका आदर सत्कार किया गया समस्त वरो को गायत्री मंदिर से ले जाकर अग्रसेन भगवान से शिव मंदिर मछली तालाब से घूमाकर लाया गया जहां द्वार पर महिला परियोजना अधिकारी मीना उपाध्याय पुनीता जायसवाल एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा वरो को तिलक लगाकर तथा माला पहनकर स्वागत किया गया तत्पश्चात उन्हें गायत्री मंदिर में बने हवन कुंड के सामने बैठकर मंत्र उच्चारण के साथ फेरी लगाई गई वर वधु के पक्षधरों को गायत्री मंदिर द्वारा नाश्ता करवाया गया तथा बाल विकास परियोजना द्वारा आए उनके परिवार जनों और वधुओं को भोजन की व्यवस्था करवा कर भोजन करवाया गया नगर के सामाजिक संस्थाओं द्वारा वर वधू को भेट दिया गया या परंपरा खरसिया में चली आ रही है ।

टॉप इन रायगढ़

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444